दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-pariharгarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 152 | छतरपुर, शनिवार 28 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# जमीनी विवाद को लेकर किसान की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या

## चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर/बमीठा। गुरुवार की रात करीब 11 बजे बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम बरेठी में जमीनी विवाद के चलते गांव के कुछ लोगों ने खेत की रखवाली कर रहे किसान पर हमला कर दिया, जिससे किसान बुरी तरह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। चूंकि मौत से पहले मृतक ने पुलिस को कथन दे दिए थे, जिसके चलते पुलिस ने गांव के 4 लोगों पर मामला दर्ज कर, एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



मृतक की पुत्री तुलसा अहिरवार ने बताया कि उसके पिता मनीराम पुत्र सूखा अहिरवार उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम बरेठी थाना बमीठा, रोज की तरह गुरुवार की रात को अपने खेत की रखवाली करने गए थे। रात करीब 11 बजे गांव के रामप्रताप सिंह परमार, ज्ञानेंद्र सिंह परमार, अरविंद सिंह परमार और धर्मेंद्र सिंह परमार ने उनके ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में मनीराम बुरी तरह घायल हो गया था, जिसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने डायल-100 को सूचना दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल मनीराम को गंभीर हालत में रात करीब 12 बजे जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में मनीराम ने पुलिस को कथन दिए और इसके बाद इलाज के दौरान रात करीब 3 बजे मनीराम ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने उक्त चारों के विरुद्ध धारा 103, 296, 3(5),3(1)(द), 3(1)(ध),3(2)(वी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी रामप्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि शेष की तलाश जारी है। शुक्रवार की सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

***पुराने प्रकरण में राजीनामा को लेकर चल रहा था विवाद***

सूत्रों से जानकारी मिली है कि बरेठी में स्थापित एनटीपीसी कंपनी से मुआवजा लेने के बाद भी गांव के कई लोग जमीनों पर कब्जा किए हुए हैं। मनीराम भी ऐसा ही एक किसान था जिसे एनटीपीसी से मुआवजा मिला है। करीब दो साल पहले ज्ञानेन्द्र सिंह ने उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कर खेतों की जुताई कर ली थी, जिस पर मनीराम के परिवार के राजू उर्फ पुन्ना अहिरवार ने ज्ञानेन्द्र सिंह के खिलाफ बमीठा थाना में हरिजन एक्ट का मामला दर्ज करा दिया था। इसी प्रकरण में राजीनामा करने और केस में खर्च हुए 10 लाख रुपए देने का दबाव ज्ञानेन्द्र सिंह और उसके परिजन, मनीराम के परिवार पर बना रहे थे। चूंकि राजू गांव में नहीं रहता था, जिसके चलते मनीराम ने ज्ञानेन्द्र सिंह को भरोसा दिया था कि जब राजू गांव वापिस आएगा तो वह प्रकरण में राजीनाम कर लेगा। इसी विवाद के चलते आरोपियों ने बीती रात मनीराम के ऊपर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई है।

# आदिम जाति कल्याण विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या

## मरने से पहले मृतक ने व्हाट्सअप पर लगाया गंभीर स्टेटस



छतरपुर। शुक्रवार को छतरपुर के आदिम जाति कल्याण विभाग में पदस्थ असिस्टेंट डायरेक्टर ने अपने किराए के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि मृतक ने मौत से पहले अपने व्हाट्सएप पर गंभीर स्टेटस लगाया था, जो इस ओर इशारा कर रहा है कि वह परेशान था। हालांकि परेशानी का कारण क्या है यह अभी सामने नहीं आया है। मौत के बाद असिस्टेंट डायरेक्टर के शव को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां उसका पोस्टमार्टम किया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक असिस्टेंट डायरेक्टर रामकुमार पिता छेदालाल त्रिवेदी उम्र 42 साल मूलत- इंदौर के महू निवासी थे तथा छतरपुर के आदिम जाति कल्याण विभाग में बतौर असिस्टेंट पदस्थ थे। छतरपुर के सटई रोड पर स्थित ग्रीन एवेन्यु कॉलोनी में रामकुमार त्रिवेदी अपनी पत्नी मीनाक्षी और 2 वर्षीय पुत्री के साथ रहते थे। गुरुवार की रात करीब साढ़े 10 बजे रामकुमार त्रिवेदी ने अपने व्हाट्सएप पर एक गंभीर स्टेटस लगाया जिसमें लिखा हुआ था कि - जिंदगी में एक समय आता है, जब व्यक्ति को तय करना होता है कि अब उसे पन्ना पलटना है या किताब बंद करनी है। पत्नी से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे रामकुमार ने घर के एक कमरे में फांसी लगा ली, जिससे उनकी मौत हो गई। पत्नी ने ही पुलिस को घटना की जानकारी दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा तथा जिला अस्पताल लेकर आई जहां परीक्षण के बाद डॉ. सुरेन्द्र शर्मा ने मौत की पुष्टि कर दी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद मामले की जांच शुरु कर दी है।

# किसान को उथली खदान में मिले बीस लाख के हीरे

**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले की रत्नगर्भा धरती लगातार हीरे उगल रहीं है, उसके बावजूद इस जिले के जन प्रतिनिधि तथा शासन प्रशासन द्वारा लगातार हीरा खदाने बंद कराई जा रहीं है, वन राजस्व विवाद नहीं निपटाया जा रहा है, जिससे उथली हीरा खदानो के लिए जगह लगातार कम होती जा रहीं है, वन विभाग द्वारा चारो तरफ कब्जा कर रखा है तथा हीरा खदाने खोदने के लिए लोगो को प्रतिबंधित किया जा रहा है, आम गरीब मजदूरो को परेशान किया जा रहा है, तथा हीरा निकालने की अनुमति नहीं दी जा रही है, सिर्फ कुछ ही चिन्हित स्थानो पर या फिर निजी खेतो में हीरा खदानो से लोगो द्वारा हीरा खोदाई की जा रही है, जबकी वन विभाग द्वारा चोरी से भारी मात्रा में अनेको स्थानो से हीरे की खोदाई कराई जा रही है, शासन प्रशासन को हीरा धारित जमीन को जंगल विभाग से अलग कर उथली हीरा खदानो के लिए अनुमति दिलाने की दिशा मे पहल करनी चाहीए। क्योकि पन्ना की धरती मे लगातार हीरे निकल रहें है। इस वर्ष 2024 में लगभग 10 करोड़ के हीरे उथली हीरा खदानो से निकले है, जिन्हे निलामी मे रखकर विक्रय किया गया है, इसी प्रकार एक गरीब किसान राम नरेश लोधी को रमखिरिया स्थित हीरा खदान से एक ही दिन मे बीस लाख के हीरे मिले है, जिसमें एक हीरा का वजन 8.30 कैरिट तथा एक छोटा हीरा .94 सेन्ट का मिला है, जिसमें दोनो की कीमत लगभग 20 लाख रूपये आंकी गई है। गरीब किसान एक ही दिन मे मालामाल हो गया है।



# विधायक निर्मला सप्रे की पहल पर बीना-कंजिया-देहरी की 4 किमी रोड स्वीकृत

## विधायक के पत्र के बाद एमपीआरडीसी ने 2 करोड़ 45 लाख लागत की सड़क की प्रशासकीय स्वीकृति दी

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ विधायक एडवोकेट श्रीमति निर्मला सप्रे बीना विधानसभा क्षेत्र के चौमुखी विकास एवं ग्रामीण क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सड़कों से होने वाली परेशानियों और दुर्घटनाओं से निजात दिलाने के लिए बीड़ा उठा चुकी हैं। मप्र शासन विधायक निर्मला सप्रे के द्वारा की गई प्रत्येक विकास संबंधी मांग को प्राथमिकता से पूरी कर रहा है। इसी तारतम्य में विधायक द्वारा एमपीआरडीसी को पत्र क्र. बीव्हीएस/ऑफिस/2024/212 दिनांक 13 जुलाई को पत्र लिखकर बीना-कंजिया से देहरी रोड के उन्नयन कार्य की मांग की थी। जिसे प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत कर दिया गया है।



बीना। मप्र शासन एवं डॉ. मोहन यादव की सरकार के माध्यम से विधायक निर्मला सप्रे लगातार बीना विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कई योजनाएं एवं सड़कों के निर्माण हेतु स्वीकृति ला रही हैं। बीते लगभग एक माह से विकास यात्राओं के माध्यम से करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को मूर्त रूप देने के लिए भूमिपूजन उनके द्वारा लगातार किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि बीना-कंजिया रोड से देहरी रोड जो कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बना था वह बीना कोटा-रेलवे लाइन के दोहरीकरण एवं बीना झांसी रेलवे लाइन के तिहरीकरण का कार्य होने के कारण भारी वाहनों के परिवहन द्वारा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। यहां ग्रामीणों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा था जिसके लिए विधायक निर्मला सप्रे ने 13 जुलाई को मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को इस सड़क के निर्माण की मांग संबंधी पत्र भेजा था।

# हरपालपुर के आयुष चतुर्वेदी दुनिया में कर रहे हैं जिले का नाम रोशन

## भरतीय नारीवाद की खोज नामक लिखी पुस्तक का हुआ प्रकाशन

हरपालपुर। नगर की कपासल मिल कॉलोनी में रहने वाले अरविंद चतुर्वेदी के पुत्र आयुष चतुर्वेदी इन दिनों राष्ट्री नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। दरअसल आयुष ने नारीवादी दर्शन पर शोध कार्य करने के बाद कविता और फिल्मों के माध्यम से भारतीय नारीवाद की खोज नामक शोध पुस्तक लिखी है, जिसे विश्व के प्रतिष्ठित शोध जर्नल आईजेआरएआर (इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ रिसर्च एंड एनालिटिकल रिव्यूज़) ने दिसंबर माह में प्रकाशित किया है।



उल्लेखनीय है कि आयुष चतुर्वेदी शिक्षक परिवार से आते हैं, उनके माता-पिता दोनों ही अध्यापन के क्षेत्र में हैं। आयुष की प्रारंभिक शिक्षा हरपालुर के विवेकानंद स्कूल से हुई, उसके बाद उन्होंने राजा हरपालसिंह महाविद्यालय से स्नातक की। आयुष ने स्नातक के दौरान राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था, जिसके लिए उन्हें राज्यपाल से सम्मान मिला था। स्नातकोत्तर के लिए उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिला लिया जहां दिल्ली विश्वविद्यालय के बहुप्रतिष्ठित दर्शन विभाग के सदस्य बने। दिल्ली विश्वविद्यालय के डायमंड जुबली उत्सव में उन्होंने काव्यपाठ कर देश के जाने माने साहित्यकार जावेद अखुतर से प्रशंसा प्राप्त की थी। दर्शन विभाग में अध्यनरत रहते हुए उन्होंने उक्त पुस्तक शोध पुस्तक लिखी जिसे आईजेआरएआर ने प्रकाशित किया है।

# वन अमले ने अजगर को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

छतरपुर। वन परिक्षेत्र बड़ामलहरा के बीट घुवारा अंतर्गत ग्राम टपरियनखेरा में 11 फिट लंबे अजगर देखा गया। अजगर के आते ही ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही रेंजर अमले के साथ मौके पर पहुंचे एवं अजगर को रेस्क्यू कर पकड़ा। टीम द्वारा अजगर को साठिया के सघन वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ा गया। जानकारी के अनुसार घुवारा क्षेत्र के ग्राम टपरियनखेरा में शुक्रवार को दोपहर अजगर मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने अजगर देखे जाने की सूचना वन विभाग बड़ामलहरा को दी। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्राधिकारी राजेंद्र पस्तोर टीम को लेकर ग्राम टपरियनखेरा पहुंचे। वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर अजगर को पकडकर बोरे में बंद कर दिया। वन परिक्षेत्रधिकारी श्री पस्तोर ने बताया कि अजगर की लम्बाई लगभग 11 फुट 4 इंच ,गोलाई 54 सेमी, वजन 53 किलो है। टीम द्वारा अजगर को हीरापुर की साठिया घाटी के जंगल में सुरक्षित विचरण के लिए छोड़ दिया गया।



# बकस्वाहा में मेहंदी रश्म के साथ हुआ महायज्ञ महोत्सव का शानदार शुभारंभ

**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। बकस्वाहा में श्री 1008 श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ महोत्सव के शुभारंभ के साथ एक नया अध्याय जुड़ गया। कार्यक्रम की शुरुआत आज विशेष मेहंदी रश्म से हुई, जिसने पूरे समाज को एक दिव्य उत्सव के रूप में एकजुट कर दिया।



कार्यक्रम स्थल से सौ धर्म इंद्र अखलेश पाटनी के निवास तक एक भव्य काफिला पहुंचा, जिसमें कुबेर इंद्र और अन्य इन्द्र भी शामिल थे। इस काफिले का स्वागत बकस्वाहा के प्रमुख समाजजनों ने बड़े धूमधाम से किया। सौ धर्म इंद्र को समाजजन ने आयोजन में भाग लेने का आग्रह किया, और इसके बाद विनोद कुमार जैन पत्रकार के निवास पर पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया।

इसके बाद, सभी श्रद्धालु काफिले के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे। यहां जैन समाज की माताओं और बहनों ने बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ सभी प्रमुख पात्रों को मेहंदी लगाकर इस रश्म को संपन्न किया। यह दृश्य बेहद भावुक और दिल को छूने वाला था, जिसमें प्रत्येक चेहरे पर आस्था और आनंद झलक रहा था।

इस महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए भारत चक्रवर्ती विनोद कुमार जैन ने कहा, 卐यह महोत्सव हम सभी के लिए एक पुण्य अवसर है, जहां हम अपनी आस्था और सांस्कृतिक धरोहर का सम्मान करते हुए एक साथ मिलकर समाज की भलाई के लिए कार्य करेंगे।

***क्या है खास?***

यह महोत्सव 28 दिसम्बर 2024 से 6 जनवरी 2025 तक श्री 1008 श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, बकस्वाहा में आयोजित हो रहा है। इसमें धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान होंगे, जो समाज में शांति और भाईचारे का संदेश देंगे। महोत्सव के दौरान प्रमुख कार्यक्रमों में सौधर्म ईंद अंकिता/अखिलेश पाटनी, भरत चक्रवर्ती ज्योति/विनोद जैन पत्रकार, कुबेर इंद्र सर्षृटी/श्रेयाँश जैन श्रीपाल, मैना सुंदरी आशा / नरेश तिगोडा व अन्य सभी पात्र विधानाचार्य के साथ धार्मिक अनुष्ठान, और नूतन बर्ष के प्रथम दिवस 1जनवरी को चक्रव्रती की विशाल दिग्विजय यात्रा नगर परिक्रमा, और विश्वशांति महायज्ञ विसर्जन शामिल हैं।

इस आयोजन पंडित श्री देवेन्द जी मडाबरा पंडित श्री शिखरचंद्र जी बम्हौरी व पंडित श्री अशोक जी बम्हौरी का मंगल सानिध्य व संगीतकार स्वराज म्यूजिकल ग्रुप भोपाल और अन्य सहयोगियों के साथ बकस्वाहा का जैन समाज अपनी परंपराओं और आस्थाओं का जश्न मनाने के लिए तैयार है।

सकल दिगम्बर जैन समाज बकस्वाहा द्वारा आयोजित इस महोत्सव में पूरे जिले के लोग सपरिवार आमंत्रित हैं, ताकि इस अद्भुत और पुण्य कार्य का हिस्सा बन सकें।

# गोहद नगरपालिका द्वारा बनाई गई गौशाला निर्माण एवं उसके संचालन में हुएं भ्रष्टाचार का मामला विधायक केशव देसाई ने शीतकालीन सत्र विधानसभा में उठाया मुद्दा विधानसभा में चर्चित में गौशाला का मुद्दा

## -आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल ने जांच समिति की घटित

## -जिला सचिव कांग्रेस पार्टी भिंड ने नगरपालिका प्रशासन पर लगाएं भ्रष्टाचार के आरोप

परिहार गर्जना न्यूज। भिंड गोहद। नगरपालिका गोहद द्वारा बनाई गई गौशाला निर्माण एवं उसके संचालन में तथा नया बस स्टैंड शीतला गेट से लेकर उप जेल गोहद तक डामर सडक का किया गया निर्माण कार्यों में हुएं भ्रष्टाचार को लेकर राजेंद्र सिंह परिहार जिला सचिव कांग्रेस पार्टी भिंड द्वारा पत्र के माध्यम से 21/10/24 को संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन एवं विकास ग्वालियर/ चम्बल संभाग ग्वालियर को लिखित शिकायत की गई थी। कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद गोहद द्वारा गौशाला निर्माण एवं गौशाला संचालन में हुएं भ्रष्टाचार की जांच कर तथा नया बस स्टैंड शीतला गेट से लेकर उप जेल गोहद तक डामर की घटिया रोड़ की जांच ऐस्टीमेट के आधार पर कराएं जाने की मांग को लेकर 27/11/24 को शिकायत की गई थी। जिस पर संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास ग्वालियर/ चंबल संभाग ग्वालियर ने दोनों शिकायतों को लेकर जांच हेतु कार्यपालन यंत्री की अध्यक्षता में जांच दल गठित कर शिकायत में उल्लेखित तथ्यों की जांच एक सप्ताह की समय-सीमा में पूर्ण कर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं जाने को लेकर आदेश जारी किया गया था। इसी शिकायत के आधार पर गोहद विधायक केशव देसाई ने विधानसभा पटल पर रखते हुए गोहद नगर पालिका परिषद द्वारा गौशाला निर्माण एवं उसके संचालन में हुएं भ्रष्टाचार तथा नया बस स्टैंड शीतला गेट से लेकर उप जेल गोहद तक बनाई गई डामर सडक को ऐस्टीमेट के आधार पर जांच के सम्बंध में सरकार से जवाब तलब किया है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गी विधानसभा पटल पर जवाब देते हुए कहा है कि जल्द ही विभागीय जांच कराई जाएगी और दोषियों को बक्सा नहीं जाएगा इसके बाद उन्होंने आयुक्त नगरीय प्रशासन भोपाल को टीम घटित कर जांच करने के निर्देश दिए उसके आयुक्त नगरीय प्रशासन विभाग एवं विकास भोपाल ने 19.12.24 को 5 सदस्यीय जांच समिति गठित कर टीम को 15 दिवस की समयावधि में प्रतिवेदन संचालनालय नगरी प्रशासन एवं विकास मध्य प्रदेश भोपाल को उपलब्ध कराएं जाने के आदेश जारी किया गया है।



विधायक द्वारा विधानसभा में उठाया गया भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जांच के आदेश होने के बाद नगर पालिका में खलबली मची हुई है। अब देखना यह है की जांच के बाद क्या करवाई होती है।

***इनका कहना है***

इस भ्रष्टाचार की शिकायत कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री तक की गई थी। इस शिकायत पर विधायक द्वारा विधानसभा में यह मुद्दा उठाया गया है। मुझे उम्मीद है कि जांच के बाद फर्जी भुगतान करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

*- राजेंद्र सिंह परिहार, जिला सचिव कांग्रेस कमेटी भिण्ड।*

गौशाला एवं उसके संचालन में फर्जी भुगतान के सम्बंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसके आधार पर मेरे द्वारा विधानसभा में प्रश्न लगाकर सरकार से जवाब मांगा है। जिसमें नगरी प्रशासन आयुक्त भोपाल द्वारा जांच समिति गठित हो गई है।

*- केशव देसाई, विधायक कांग्रेस गोहद*

# खुला खुला दिखा कटरा बाजार नहीं लग पाए हाथ ठेले निगम की सख्ती का दिखा असर





परिहार गर्जना न्यूज। सागर। कटरा बाजार लंबे समय बाद खुल के खुल पाया ऐसा नजारा देख जनता ने कहा बहुत अच्छा लग रहा है।सुबह मार्केट खुलते ही नजारा कुछ अलग था ।जहां मस्जिद से लेकर राधा तिराहा तक निकलना गाड़ी से तो दूर की बात थी पैदल चलना भी दूभर था वहीं कल का नजारा कुछ अलग ही था खाली खाली सड़के कही ट्रैफिक जाम नहीं जिससे बात की उसी ने कहा आज लग रहा है शहर स्मार्ट लग रहा है।इसकी वजह सिर्फ ओर सिर्फ नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते की वजह से जिसने सुबह से ही मोर्चा संभालते हुए अतिक्रमण के विरूद्ध जंग शेड दी जहां भी जिसका भी किसी का भी अतिक्रमण था उसको सख्ती के साथ हटाया ओर जप्ति की कार्यवाही की ओर लगातार टीम इन रोड़ों का लगातार भ्रमण किया । आपको बता दे कटरा बाजार के नगर निगम मार्केट के बाहर लगभग 100 से 150 अस्थाई हाथ ठेले जो कि अतिक्रमण कर लगाए जाते थे जिनके विरुद्ध कल व्यापारियों द्वारा अपनी-अपनी दुकान बंद करके नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा था । उसके बाद उन्होंने रोड जाम करके प्रशासन को अपनी नाराजगी जहर की थी इस पर नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा एक्शन लेते हुए आदेश जारी किया था कि अब नहीं लगेंगे कोई भी अस्थाई हाथ ठेले और नहीं होगा अतिक्रमण ओर इसी क्रम में अतिक्रमण अधिकारी बबलू चौरसिया अपनी टीम के साथ मैदान में उतरे और जबरदस्त कार्यवाही करते हुए पूरे कटरा बाजार को अतिक्रमण मुक्त करते हुए जपति की कार्रवाई की ।मगर अगर दूसरी ओर बात की जाए तो जनता के मन में अभी भी सवाल यही है कि क्या इस कार्यवाही से ये हाथ ठेले वालों द्वारा किया जाने वाला अतिक्रमण वाकई में पूर्ण तह समाप्त हो पाएगा ।अब बात करते हैं नगर निगम द्वारा चलाई जा रही अतिक्रमण हटाओ की कार्यवाही की जिसमें आज देखा गया जहां नगर निगम मार्केट कटरा बाजार के बाहर जमे कपड़ा के हाथ ठेले को नहीं लगने दिया गया मगर वहीं सामने लगे फ्रूट के थैलों को नहीं हटाया गया इससे जनता के मन में संशय बना हुआ है क्या फिर से अतिक्रमण हो जाएगा।

# सरदार पटेल के बाद देश के सबसे प्रभावी गृहमंत्री अमित शाह हैं- पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह

## प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने देश को सशक्त बनाया- पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सरदार पटेल वल्लभभाई पटेल के बाद देश को सबसे सशक्त और प्रभावी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने दिया है। देश की सीमाएं सुरक्षित करने, कश्मीर से धारा 370 हटा कर, देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने जैसे कार्यों से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी ने देश को अखंड, सुरक्षित और प्रभावशाली बनाने में एतिहासिक भूमिका निभाई है। सही मूल्यांकन किया जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा ही देश के संविधान और संविधान निर्माता डा भीमराव अम्बेडकर के आदर्शों पर चल कर उनके सपनों को पूरा कर रहे हैं। यह विचार प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री, वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने व्यक्त किए हैं।



पूर्व गृहमंत्री, विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी उस भाजपा पार्टी और संस्कृति से आते हैं जो स्वप्न में भी बाबा साहब अंबेडकर और उनके विचारों का अपमान सहन नहीं कर सकती। जबकि डा अम्बेडकर से पं नेहरू की नफरत का इतिहास तो एक सत्य रहा है। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने बाबासाहब को मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने को बाध्य किया और फिर पूरी ताकत लगा कर उन्हें चुनाव में हराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राजपरिवार के सबसे बड़े वफादार और दरबारी सैम पित्रोदा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल कर कहा था कि कांग्रेस सोचती है कि देश के संविधान का मसौदा तैयार करने में डा अम्बेडकर की कोई भूमिका नहीं थी। सोशल मीडिया एक्स की इस पोस्ट को भाजपा के विरोध व जनदबाव में हटाना पड़ा। कांग्रेस राजपरिवार ने अपनी चार पीढ़ियों तक हमेशा बाबासाहब अम्बेडकर को उपेक्षित रखा और हमेशा उनका विरोध किया। कांग्रेस ने अपने नाम पर देश में हजारों स्मारक और नामकरण किए लेकिन बाबासाहब का स्मारक नहीं बनने दिया।

पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आजादी के 43 साल बाद तक कांग्रेस की सरकारों ने बाबा साहेब अंबेडकर को भारत रत्न नहीं दिया जबकि कांग्रेस के दो प्रधानमंत्रियों ने पद पर रहते हुए खुद को ही भारत रत्न ले लिया। आजादी के 42 साल बाद तक संसद के सेंट्रल हाल में बाबासाहेब का चित्र तक नहीं लगने दिया। 31 मार्च सन 1990 को बाबा साहब को भारत रत्न तब मिल सका तब भाजपा के समर्थन से जनमोर्चा की सरकार बनी। तब भाजपा संसदीय दल के नेता अटल जी के सुझाव पर डा भीमराव अम्बेडकर को भारत रत्न दिया गया। इसमें कांग्रेस का कोई योगदान नहीं था। कांग्रेस तो अपने राजपरिवार को ही भारत रत्न देती रही। यह वही कांग्रेस है जिसके पहले केंद्रीय मंत्रीमंडल से इस्तीफा देने के लिए कांग्रेस के तत्कालीन नेतृत्व ने मजबूर कर दिया था।

अंबेडकर जी के प्रति पं नेहरू का भाव क्या है यह उस प्रसंग से पता चलता है जिसमें अंबेडकर जी को देश की पहली कैबिनेट से इस्ताफी देना पड़ा। आंबेडकर जी ने कई बार कहा कि अनुसूचित जातियों और जन जातियों से हुए व्यवहार से मैं असंतुष्ट हूं, सरकार की विदेश नीति से मैं असहमत हूं और आर्टिकल 370 से मैं असहमत हूं इसलिए मंत्री पद को छोड़ना चाहता हूं। उनको आश्वासन दिया गया आश्वासन पूरा नहीं हुआ। उन्होंने उपेक्षा के चलते इस्तीफा दे दिया। उसके पूर्व श्री बीसी रॉय ने पत्र लिखा कि अंबेडकर मंत्रिमंडल छोड़ेंगे तो क्या होगा, तो नेहरू जी ने उनको जवाब में लिखा है- अंबेडकर के जाने से मंत्रिमंडल कमजोर नहीं होता है। वह कांग्रेस ही थी जिसने डा अम्बेडकर को लोकसभा का चुनाव में हराने का एतिहासिक रूप से निंदनीय कृत्य किया था। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि संसद में संविधान पर चर्चा में यह स्पष्ट हो गया कि एक परिवार कांग्रेस पार्टी को अपनी पुश्तैनी जागीर समझता है साथ ही देश के संविधान को भी निजी जागीर की तरह देखता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल में संविधान में 77 बार परिवर्तन किए। और इनमें से अधिकांश बदलाव परिवार की सत्ता कायम रखने, समुदाय विशेष का तुष्टिकरण करके वोट बैंक बनाने, मौलिक अधिकारों और अभिव्यक्ति को कुचलने, भारत देश की बेशकीमती भूमि दूसरे देश को भेंट करने जैसे उदेश्यों को लेकर किया। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तो कहते हैं मैं प्रधानमंत्री नहीं हूं प्रधान सेवक हूं। कांग्रेस ने 42 में संशोधन से लोकसभा और राज्य की विधानसभाओं का सामान्य कार्यकाल पांच वर्ष से बढ़ाकर 6 साल किया था क्योंकि तब की परिस्थितियों में चुनाव होने पर हारने का भय था। इतनी निर्लज्जता के साथ विश्व में कोई संविधान संशोधन नहीं हुआ। इसके उलट प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के संशोधन जनकल्याण,नीति सुधार, सुशासन, देश की अखंडता और संप्रभभुता जैसे देशहित के बदलावों के लिए हुए। संशोधन 1 जुलाई 17 को हम जीएसटी को लेकर आए ताकि देश का अर्थतंत्र प्रभावी रूप से रिद्म में आए। 102 वा संशोधन नेशनल कमीशन ऑफ बैकवर्ड क्लास को संवैधानिक दर्जा देने के लिए था।103 वां संशोधन सभी जातियों के ऐसे गरीब से गरीब बच्चों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला जिनको आरक्षण नहीं मिलता। 105 वां संशोधन ओबीसी की पहचान करने के केन्द्रीय के पास अधिकार राज्य की सरकारों को देने का काम। इस तरह 101, 102, 103, 104, 105, 106 सभी के सभी जन कल्याण के लिए और छठा संशोधन था 28 सितंबर 2023 मातृ शक्ति को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने नारी शक्ति अधिनियम के रूप में था। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए मुस्लिम बहनों के साथ इतने सालों तक अन्याय करने का काम एक कांग्रेस पार्टी ने किया, जबकि यूपीए सरकार ने ट्रिपल तलाक समाप्त करकर मुस्लिम माताओं बहनों को पिता और पति के समान अधिकार दिए हैं।

## सुभाष वार्ड में हुआ जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन



गढाकोटा । गढाकोटा में शुक्रवार के दिन नगरपालिका द्वारा सुभाष वार्ड में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी,उपाध्यक्ष हरिनारायण पटेल,नीलेश दुबे सहित पार्षदगण एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी धनंजय गुमास्ता व नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

समस्या निवारण शिविर में वार्ड के लोगों द्वारा वार्ड कि समस्याओं के वारे अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी को बताया गया जहां मौके पर अधिकारियों को नपाध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा निर्देशित कर समस्याओं के समाधान करने कि बात कही गई।

वही वार्ड के लोगों द्वारा मुख्य रोड स्थित नाली निर्माण कि बात कही गई। जहां रोड पर गंदा पानी वह रहा था जिससे लोगों को निकलने में भारी परेशानी हो रही थी। और सड़क अतिक्रमण किया गया था लोगों कि समस्या को देखते हुए प्रतिनिधि द्वारा नाली निर्माण सहित सफाई हेतु सीएमओ को निर्देश किया गया। साथ संबंध अतिक्रमण के लोगों को नोटिस देने कि बात कही। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर उनको याद कर श्रद्धांजलि दी गई। शिविर में दिनेश लहरिया,संजय खटीक,इन्द्रजीत चौहान,अजय नेमा,देवेंद्र यादव,परसोत्तम साहू सहित वार्ड के लोग उपस्थित थे।

# भृष्टाचार के मामले में प्रभारी खनिज निरीक्षक मालवीय को 4 वर्ष का कारावास

## आरोपी ने की थी 25 हजार रूपए रिश्वत की मांग

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। प्रभारी खनिज निरीक्षक खनिज शाखा वीरेन्द्र मालवीय के विरूद्ध चल रहे मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश (भृष्टाचार निवारण अधिनियम) अनिल कुमार कारौरिया टीकमगढ़ ने अपने फैसले में खनिज निरीक्षक को चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले के पैरवीकर्ता विशेष लोक अभियोजक (लोकायुक्त) संदीप सरावगी रहे। बताया गया है कि अनुसंधानकर्ता तत्कालीन निरीक्षक विपुस्था लोकायुक्त मंजू सिंह डीएसपी सागर रहीं। आरोपी के वीरेन्द्र मालवीय, प्रभारी खनिज निरीक्षक खनिज शाखा टीकमगढ़ के विरूद्ध आए फैसले को लेकर आज चर्चाएं जोरों पर रहीं। कहा जा रहा है कि इस तरह के फैसलों से भ्रष्टाचार करने वालों के हौसले जरूर पस्त होते हैं और उनमें भ्रष्टाचार करने को लेकर खौफ भी पैदा होता है। उक्त मामले में पैरवीकर्ता विशेष लोक अभियोजक संदीप सरावगी द्वारा बताया गया कि माननीय विशेष न्यायाधीश (भृष्टाचार निवारण अधिनियम), टीकमगढ़ द्वारा आरोपी वीरेन्द्र मालवीय प्रभारी खनिज निरीक्षक खनिज शाखा टीकमगढ़ को रिश्वत मांगने के अपराध में दोषी पाते हुये भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 अंतर्गत 4 वर्ष के




कारावास तथा 3000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। घटना के बारे में जानकारी देते विशेष लोक अभियोजक संदीप सरावगी द्वारा बताया गया कि उक्त प्रकरण में आवेदक अमित सिंह ठाकुर के द्वारा 17 फरवरी 2020 को लोकायुक्त कार्यालय सागर में आरोपी के विरूद्ध इस संबंध में शिकायत की गई थी कि वह अपनी जमीन पर मिट्टी, गिट्टी बोल्डर का भण्डारण करना चाहता था, जिसके संबंध में आरोपी के द्वारा अपने प्रतिवेदन देने के संबंध में 25 हजार रूपये की मांग की जा रही थी। उक्त शिकायत पर से लोकायुक्त के द्वारा जब आवेदक की शिकायत का सत्यापन कराया गया, तो आवेदक के द्वारा की गई शिकायत सही पाई गई थी। जिसके पश्चात आरोपी के विरूद्ध रिश्वत मांगने के संबंध में लोकायुक्त के द्वारा कार्यवाही की जाकर आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट लेख की गई थी। आरोपी आवेदक से बातचीत के दौरान 15 हजार रूपये लेने के लिये सहमत हो गया था परंतु बाद में आरोपी को संदेह हो जाने से उसने आवेदक से रिश्वत राशि लेने से मना कर दिया था। उक्त कारण से लोकायुक्त के द्वारा आरोपी के विरूद्ध रिश्वत मांगने के संबंध में अपराध पंजीबद्ध कर आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। बताया गया है कि उक्त प्रकरण में न्यायालय के समक्ष विशेष लोक अभियोजक संदीप सरावगी के द्वारा शासन का पक्ष रखा गया एवं बहस के दौरान उनके द्वारा प्रस्तुत तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय के द्वारा आरोपी वीरेन्द्र मालवीय प्रभारी खनिज निरीक्षक खनिज शाखा टीकमगढ़ को रिश्वत मांगने के अपराध में दोषी पाते हुये भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 अंतर्गत 4 वर्ष के कारावास तथा 3000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# होटल, लाज और विवाह घरों पर दी दविश, पियक्कड़ों की ली पुलिस ने खबर

## पुलिस गश्त और पैट्रोलिंग होने से अपराध पर लगा अंकुश

टीकमगढ़। पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देशानुसार टीकमगढ़ पुलिस द्वारा समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्र में फुट पेट्रोलिंग की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की सक्रियता देखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कस्बों में रात्रि एवं प्रभात गश्त की जा रही है। धार्मिक स्थान, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। शराब दुकानों के



आस पास, होटल, ढाबों एवं लॉजों में चैकिंग की गई। पुलिस कार्रवाई से असमाजिक तत्वों में दहशत बनी हुई है। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में पैदल गश्त, पेट्रोलिंग करते हुये अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकसीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ एवं जतारा के मार्गदर्शन में समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा बीते रोज थाना एवं चौकी क्षेत्र में पैदल व मोबाइल वाहन से भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मुख्य चौराहों, बाजार, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों को बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन की चेकिंग करते हुये अवैध रूप से जमाबड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो, इसकी समझाइस दी गई। इसके अतिरिक्त शराब दुकान के आस पास बैठकर शराब पीने वालों को आवश्यक हिदायत देकर वहां से जाने को कहा गया। बाहर से आकर रूके लोगों, फेरी वालों को चेक किया गया। उनके द्वारा थाने में मुसाफिरी दर्ज कराई गई है या नहीं कितने लोग है कहां-कहां जाते है, क्या करते है इत्यादि बिन्दुओं की तस्दीक की गई। इसके साथ ही होटल, ढाबों, लॉज, विवाह घरों को भी अवैधानिक गतिविधि की दृष्टि से चैक किया गया।

# नशे के दुष्प्रभावों को जानने के बाद की शराब से तौबा, ली शपथ

## साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं जिम्मेदार मर्दानगी अभियान जारी

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिला स्तर पर सभी थाना एवं चौकी क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। आमजन को जिम्मेदार मर्दानगी अभियान में नीड, परी, भरोसा, सहारा एवं आसरा विषय में जानकारी दी गई। डिजिटल अरेस्ट एक धोखा है के संबंध में जानकारी दी जा रही है। बताया गया है कि पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार टीकमगढ़ पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना चौकी क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को साइबर अपराधों से अवगत कराया जा रहा है एवं बचाव हेतु साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही नशामुक्ति एवं जिम्मेदार मर्दानगी अभियान अंतर्गत कार्यक्रम किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा टीकमगढ़ जिले वासियों को नशा मुक्ति एवं साइबर अपराधों से सुरक्षा एवं बचाव एवं जिम्मेदार मर्दानगी अभियान में जन जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित करने समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में बीते रोज 26 दिसम्बर 2024 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में सभी थाना एवं चौकी द्वारा नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा एवं बचाव सहित जिम्मेदार मर्दानगी अभियान में जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित किए। उक्त कार्यक्रमों में सार्वजनिक स्थानों, स्कूल, कॉलेज में युवाओं विद्यार्थियों, आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए 'नशा मुक्ति की शपथ' दिलवाई गई। इसके साथ ही साइबर अपराध क्या है व उनसे बचने के उपाय बताए गए। साइबर अपराधों से बचने हेतु आमजन को बताया गया की सबसे पहले लोगों को ये जानकारी होनी चाहिए की साइबर अपराध क्या है जैसे वर्तमान में डिजिटल अरेस्ट, वॉइस चेंजर, लोन, गेमिंग ऑनलाइन एप्लीकेशन, शेयर ट्रेडिंग, इनाम, महंगी चीजें सस्ते में देने का लालच, फेक फेसबुक, इंस्टाग्राम से रुपयों की मांग फर्जी अश्लील विडीओ काल आदि माध्यम से लोगों को कैसे डराकर फंसाया जा रहा है की जानकारी दी गई। इनसे बचने हेतु बताया गया कि 'डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान नहीं होता। ये सब साइबर क्रिमिनल के हथकंडे है' जिनमें न फँसे एवं किसी भी प्रकार से कोई ओटीपी शेयर न करे। अनजान काल, लिंक को रीसीव एवं क्लिक न करें। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ब्लैक मेलिंग पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन साइबर सेल एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर इनफार्म करने तथा अपनी कोई भी पर्सनल एवं खाते सम्बन्धी जानकारी ऑनलाइन न देने हेतु बताया गया।

# पटरी से उतरा विकास, सीएमओ पर लगाए उदासीनता के आरोप, आदेशों की उड़ी धज्जियां

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। इन दिनों वैसे तो जिले की अधिकांश नगर परिषदों एवं नगर पालिका का विकास पटरी से पूरी तरह उतरा नजर आने लगा है। जहां विकास किया भी जा रहा है, तो वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। जिले में सीएमओ की तानाशाही के कारण आला अधिकारियों के आदेश की धज्जियां उड़ाने के साथ ही योजनाओं को धता दिखाने के आरोप गर्माने लगे हैं। कुछ इसी तरह की सरगर्मियां बड़ागांव नगर परिषद् में बनी हुई हैं। यहां भी टीकमगढ़ की तर्ज पर परिषद द्वारा निर्माण कार्यों के थमने और असुविधाओं के बढ़ने से सीएमओ को हटाने पर जोर दिया जाता रहा है। यहां बता दें कि टीकमगढ़ नगर पालिका को तो सीएमओ नए मिल गए हैं, अब देखना है कि बड़ागांव के बिगड़ते हालातों में सुधार कब तक लाया जाता है। सूत्रों की मानें तो विवादों मे रहने वाली नगर परिषद् बड़ागांव सीएमओ ज्योति सुनरे की तानाशाही बढ़ती जा रही है। बीते दिनों समस्त पार्षदों ने कलेक्टर से अनियमितता की शिकायत के साथ विशेष सम्मेलन की मांग की थी, जिसके चलते आज विशेष सम्मेलन के आदेश दिए गए थे। बताया गया है कि जिसमें सीएमओ की तानाशाही नजर आई। जब पार्षदों ने कार्यवाही विवरण पंजी मांगी तो नहीं दी गई। यहां जिन प्रस्तावों पर चर्चा की जानी थी, उन्हें नजर अंदाज कर दिया गया। बताया गया है कि चर्चा के लिए आवास, निर्माण कार्य सहित विभिन्न कार्यों को शामिल किया गया था, लेकिन इन मुद्दों पर किसी प्रकार की चर्चा नहीं की गई। यहां अनियमितता को नाराजगी बनी हुई है। कुल मिलाकर पार्षदों की नहीं सुनी गई, जिससे पार्षद परेशान हैं। सीएमओ अपनी मनमानी करने में लगी हुई हैं। आखिर सीएमओ पर कौन मेहरबानी कर रहा है, यह भी लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। भाजपा के ही नगर परिषद् अध्यक्ष जो एक महिला हैं, वह भी सीएमओ की मनमानी के चलते हाथ पर हाथ धरे बैठी है। यदि कहा जाए कि यहां जनता द्वारा चुने गए पार्षद और अध्यक्ष की ही नहीं सुनी जा रही हैं,तो गलत नहीं होगा।




इस संबन्ध में मिल रही खबरों में बताया गया है कि उक्त मामले में सीएमओ ज्योति सुनरे ने बताया की बैठक उनके द्वारा बैठक नहीं ली गई, साथ ही बताया गया कि उनके स्टेम्प को कागजों में लगाकर फ र्जी हस्ताक्षर कर दुरुपयोग किया जा रहा है। इसमें कोई स्केम है, जबकि अधिकारियों द्वारा नियम अनुसार कार्रवाई की बात कही गई थी, ना की विशेष सम्मेलन की बात कही गई थी। बैठक में एक तिहाई पार्षदों के अनुमोदन की आवश्यकता होती है, जो कि नहीं था। हस्ताक्षर मिलान होने की भी बात कही गई। कुल मिलाकर सीएमओ अपने आप को बचाती नजर आ रही है। अब सोचने वाली बात यह है कि भाजपा की सरकार में भाजपा के नगर परिषद् अध्यक्ष एवं पार्षद, जिसमें कांग्रेस के पार्षद भी शामिल हैं, जिनके द्वारा टीकमगढ़ से लेकर सागर तक गुहार लगाई जा चुकी हैं, लेकिन कुछ भी नहीं हुआ। यहां निंदा प्रस्ताव भी पास नहीं किया गया। अब इस सारे मामले को लेकर जनप्रतिनिधि परेशान हैं। जब जनता उनसे सवाल पूंछती है, काम की बात करती है, तो उन्हें शर्मिंदा होना पड़ता हैं। नगर परिषद के जनप्रतिनिधि पर अफसर भारी हैं। ऐसे में जनता की पुकार का असर नहीं होता दिखाई दे रहा है। कहा तो यह भी जा रहा है कि यहां हो रहे भ्रष्टाचार और लापरवाही पर पर्दा डालने में अब तक अधिकारी कामयाब होते रहे हैं। अब देखना है कि नगर परिषद के पार्षदों द्वारा सीएमओ के विरोध का क्या असर होता है। आखिर क्यों इतने भ्रष्टाचार के बाद भी जिम्मेदार चुप्पी साधे हैं....?

# ग्राम पंचायत भुलगंवा में भारी भ्रष्टाचार

## सरपंच, सचिव, उपयंत्री नें किया व्यापक फर्जीवाड़ा




ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले की ग्राम पंचायतो में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत निर्माण कार्य कराने के लिए भारी भरकम राशि दी जाती है, लेकिन उक्त राशि से निर्माण कार्य न हो कर संबंधित राशि में भ्रष्टाचार तथा फर्जीवाड़ा लगातार किया जा रहा है, इसी प्रकार का मामला गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत भुलगंवा का प्रकाश मे आया है, जिसमें ग्राम पंचायत भुलगंवा के अन्तर्गत ग्राम भमरहा मे 20 लाख की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क अंब सरंचना योजना से सीसी सड़क का कार्य स्वीकृत किया गया था, जिसके लिए बीस लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई थी, उक्त सड़क सुरेन्द्र सेन के घर से खिलईया चौधरी के घर तक बनाई जानी थी, जो 25 जनवरी 2024 को स्वीकृत हुई थी, सड़क निर्माण कार्य अभी तक अधुरा पड़ा हुआ है, तथा जो भी कार्य कराया गया है उसमें व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया है, तथा सरपंच, सचिव, उपयंत्री द्वारा मनमाने ढंग से मटेरियल के दाम दर्शाकर भ्रष्टाचार किया है। निर्माण कार्य के लिए केवल एक ही दुकान से समान खरीदा गया, जिसमें में निर्माण ट्रेडर्स देवेन्द्र नगर रोड सलेहा के बिल बाउचर लगाये गये है, सीमेंट के दाम बजार में 330 से लेकर 350 रूपये निर्धारित है लेकिन उक्त ग्राम पंचायत द्वारा सीमेंट के दाम 370 रूपये दर्शाये गये है, इसी प्रकार गिट्टी, रेत, तथा मजदूरी मे भी व्याप्क स्तर पर फर्जीवाड़ा किया गया है। यह तो एक मात्र एक निर्माण कार्य का उदाहरण दिया गया है। उक्त ग्राम पंचायत में हुए अनेको निर्माण कार्यो मे इसी प्रकार का फर्जीवाड़ा किया गया है। तथा निर्माण टेडर्स के नाम से लाखो के बिल बाउचर लगाकर राशि भुगतान की गई है। स्थानीय लोगो ने संबंधित मामले की जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है।

# नालसा स्कीम के तहत विधिक सेवा दल के सदस्यों का हुआ प्रशिक्षण

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार नालसा स्कीम 2024 योजना अंतर्गत बच्चों के लिए गठित विधिक सेवा दल के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गत दिवस संपन्न हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उन्हांने कहा कि विधिक सेवा दल के सदस्य प्रशिक्षण उपरांत ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर समाज के अंतिम वर्ग के गरीब व अनभिज्ञ व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी तथा निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने के बारे में अवगत कराएं। जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। साथ ही प्राधिकरण की योजनाओं तथा मौलिक अधिकार व कर्तव्य एवं शिक्षा के अधिकार इत्यादि के बारे में अवगत कराया। किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट प्रीतम शाह द्वारा किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम 2015 के उद्देश्य, कार्य व प्रक्रिया की जानकारी दी गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने बच्चों से संबंधित संवैधानिक और अन्य विधिक कानूनों सहित लीगल सर्विस यूनिट ऑफ चिल्ड्रन के सभी सदस्यों को कर्तव्यों की जानकारी दी। इसके अलावा चीफ एलएडीसीएस आंनद त्रिपाठी द्वारा सदस्यों को बालकों के विधिक अधिकार तथा विभिन्न कानूनी प्रावधानों जैसे बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम 1986, कारखाना अधिनियम 1948, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के बारे में तथा पैनल लायर चन्द्रभान पटेल द्वारा बालकों से संबंधित कानूनी प्रावधानों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार, एलएडीसीएस टीम के डिप्टी चीफ करण सिंह सहित पवन पाण्डेय, शशांक चतुर्वेदी, शर्मिला विश्वास, देवीदीन अहिरवार, प्रशांत कुशवाहा, लोकेन्द्र सिंह, नरेन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे।

# नवीन आधार केन्द्रों के संचालन के लिए भेजें प्रस्ताव

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले में ग्रामीण क्षेत्रों के हितग्राहियों को नये आधार कार्ड बनवाने और आधार अपडेट कराने में आने वाली समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से शासकीय संस्था परिसर में नवीन आधार केन्द्र संचालन की कार्ययोजना तैयार की गई है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं सचिव ई-गवर्नेंस सोसायटी संघ प्रिय ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ सहित स्वॉन नेटवर्क की सुविधा वाले समस्त विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जिले में आधार केन्द्रों के सुचारू संचालन एवं आधार नामांकन संबंधित गतिविधियों को सुदृढ़ करने के संबंध में जारी निर्देशों के तहत कहा गया है कि पन्ना जिले में वर्तमान में बहुत कम आधार केन्द्र संचालित हैं। इसके मद्देनजर एवं हितग्राहियों की सुविधा के दृष्टिगत स्वॉन इंटरनेट सुविधा एवं आधार केन्द्र के लिए कक्ष की उपलब्धता वाले सरकारी संस्थानों में नवीन आधार केन्द्र संचालित किए जा सकते हैं। पूर्व से आधार केन्द्र संचालन की सुविधा वाले संस्थाओं में नवीन आधार केन्द्र नहीं खोले जाएंगे। केवल शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं वाले कार्यालयों, जिनमें आधार ई-केवायसी व अन्य आधार संबंधी कार्य आवश्यक है, वहां नवीन आधार केन्द्र संचालित किए जा सकेंगे। न्यूनतम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण तथा कम्प्यूटर संचालन में दक्ष आवेदक को आधार ऑपरेटर व सुपरवाईजर बनाया जा सकेगा। आवेदक के पास समस्त वैध दस्तावेज होना आवश्यक है। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले आवेदक को ऑपरेटर अथवा सुपरवाईजर नहीं बनाया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को प्रति केन्द्र के लिए एक नाम का चयन कर आगामी एक जनवरी तक वांछित दस्तावेजों के साथ आवश्यक प्रस्ताव जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी पन्ना में प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। केन्द्र की निगरानी संबंधित विभाग प्रमुख द्वारा की जाएगी। साथ ही आधार केन्द्रों में आने वाली शिकायतों जैसे अनाधिकृत या निर्धारित शुल्क से अधिक राशि प्राप्त करने संबंधी शिकायतों इत्यादि का निराकरण भी संबंधित अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

## भारत पर्व कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

पन्ना/शासन के निर्देशानुसार 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस की संध्या पर पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी सभी जिला मुख्यालयों पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व में कलाकारों द्वारा लोक रूचि के गायन, वादन और नर्तन आदि की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कलेक्टर सुरेश कुमार ने भारत पर्व कार्यक्रम के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघ प्रिय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## जिला कांग्रेस कमेटी नें पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह को दी भावभीनी श्रद्धांजंलि

दयाशंकर दीक्षित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व वित्त मंत्री जिन्होने देश को आर्थिक संकट से बाहर निकाला मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की उम्र में दु:खद निधन हो गया। उन्होने बीति रात्रि दिल्ली स्थित अस्पताल में अतिंम सांस ली।



मनमोहन सिंह सरल, सज्जन तथा अच्छे इंसान थे, उन्होने दस वर्ष तक देश के प्रधानमंत्री पद की गरिमा को बनाये रखते हुए देश को आंगे बढाया तथा 1991-92 में जब देश में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंहा राव की सरकार थी उस समय देश आर्थिक संकट से गुजर रहा था उस समय उन्होने अर्थ व्यवस्था को मजबूत किया, उनकी बुद्धिमित्ता, सहनशीलता, विनम्रता, दूरदर्शिता और समर्पण को सदा याद रखा जायेगा। ऐसे प्रधानमंत्री रहे स्वर्गीय मनमोहन सिंह को पन्ना जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निमार्णाधीन कांग्रेस कार्यालय के सामने भावभीनी श्रद्धांजंलि अर्पित की है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह, पूर्व विधायक श्रीकांत दूबे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम किशोर मिश्रा, राजेश तिवारी, मार्तडदेव बुन्देला, अक्षय तिवारी, डॉक्टर कदीर खान, राज बहादुर पटेल, भूपेन्द्र सिंह, जगत पाल सिंह, रेहान मोहम्मद, वैभव थापक, सरदार यादव, सौरभ पटैरिया, रियासत खान, अनीश खान, जीतेन्द्र जाटव, दीपक तिवारी, रामबहोरी लोधी, नरेन्द्र विश्वकर्मा, जयराम यादव, अमित शर्मा, बृजेन्द्र यादव सहित भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के लोग उपस्थित रहें।

## वरिष्ठ पत्रकार सुरेश पाण्डेय के पिता के निधन पर सांत्वना देने पहुंचे पत्रकार



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के वरिष्ठ पत्रकार सुरेश पाण्डेय के पूज्य पिता दादूराम पाण्डेय का विगत दिनों स्वर्गवास हो गया है। 27 दिसंबर 2024 को पन्ना नगर के पत्रकारों ने श्री पाण्डेय के गृह ग्राम रामनई पहुंचकर स्वर्गीय श्री दादूराम मिश्रा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और परिवार को सांत्वना दी, इस अवसर पर सांत्वना देने पहुंचे पत्रकारों में मनीष मिश्रा, राकेश शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, नदीम उल्ला खान, अनिल तिवारी, संदीप पाण्डेय, शिव किशोर पाण्डेय, अरविंद यादव, टाइगर खान, राजेश रावत, सौरभ साहू एवं संजय सिंह राजपूत सहित कई पत्रकार शामिल रहे।

## मध्यप्रदेश जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2024 लागू किये जाने की स्वीकृति

पन्ना/मंत्रि-परिषद द्वारा आज मध्यप्रदेश जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2024 लागू किये जाने की स्वीकृति दी गई है। महा-रजिस्ट्रार कार्यालय, भारत सरकार से प्राप्त प्रारूप नियम के अनुरूप मध्यप्रदेश जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2024 तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेश जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 1999 की विभिन्न धाराओं में संशोधन किया गया है। मध्यप्रदेश जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2024 के मुख्य बिंदुओं में जन्म और मृत्यु प्रमाण-पत्र के डिजिटल रजिस्ट्रीकरण और इलेक्ट्रॉनिक परिदान का उपबंध, रजिस्ट्रीकृत जन्म और मृत्यु का राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय डाटाबेस तैयार करना, दत्तक ग्रहण किये गये, अनाथ, परित्यक्त, सरोगेट बच्चे और एकल माता-पिता या अविवाहित माता से बच्चे के रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया को सुगम बनाया जाना आदि शामिल है। जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023 के प्रारंभ की तारीख को या उसके पश्चात् जन्म लेने वाले किसी व्यक्ति के जन्म की तारीख और स्थान को प्रमाणित करने के लिए जन्म प्रमाण-पत्र उपयोगी है। किसी आपदा या महामारी में मृत्यु के त्वरित रजिस्ट्रीकरण और प्रमाण पत्र जारी करने के लिये विशेष उप-रजिस्ट्रार की नियुक्ति का उपबंध किया गया है। किसी जन्म या मृत्यु के 30 दिन के पश्चात् किंतु एक वर्ष के भीतर विलंबित सूचना की दशा में नोटरी या राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी के समक्ष किसी शपथ-पत्र के स्थान पर स्व-अनुप्रमाणित दस्तावेज को प्रस्तुत करने का उपबंध किया गया है। किसी जन्म या मृत्यु के एक वर्ष के पश्चात् रजिस्ट्रार को विलंबित सूचना की दशा में आदेश करने वाले प्राधिकारी प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के स्थान पर जिला मजिस्ट्रेट या उपखंड मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा प्राधिकृत कार्यपालक मजिस्ट्रेट का उपबंध किया गया है। लोकहित में जन शिकायत निवारण के लिए रजिस्ट्रार/जिला रजिस्ट्रार द्वारा की गई कार्यवाही से व्यथित होने पर अपील का प्रावधान है और उपबंधित शास्तियों में वृद्धि की गई हैं।

# कलेक्टर श्री कोचर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

## समिति प्रबंधकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने दिये निर्देश

**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 27 दिसम्बर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज जिले के धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने आज तुलसी वेयर हाउस में संचालित धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति खमरिया बिजौरा एवं जय वेयर हाउस में संचालित धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति मौसीपुरा में निरीक्षण समय बोरियों में धान की भराई निर्धारित वजन से कम पाई जाने एवं बोरियों पर टैग नही लगे होने से समिति प्रबंधक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये।



कलेक्टर श्री कोचर ने ग्राम घाना मैली में माँ संतोषी वेयर हाउस में संचालित धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति घानामैली के निरीक्षण दौरान गोदाम में भंडारित धान के बोरो में लगे टैंग में कृषकों की जानकारी नही लिखे होने से खरीदी केन्द्र प्रभारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये।

उन्होने सेवा सहकारी समिति सिग्रामपुर द्वारा संचालित खरीदी केन्द्र कोडाकला एवं सिंगपुर खेल मैदान में धान के परिवहन तत्काल किये जाने के निर्देश परिवहनकर्ता को दिये गये।

# बुंदेलखंड की कला एवं संस्कृति को समर्पित आयोजन का खेल एवं सहकारिता मंत्री ने किया पंपलेट विमोचन

### -संपूर्ण जिले में आयोजित हो रही जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

### -बुंदेलखंड की कला एवं संस्कृति से जोड़ने का अभूतपूर्व प्रयास- मंत्री श्री विश्वास सारंग

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 27 दिसम्बर। बुंदेलखंड की कला एवं संस्कृति को समर्पित जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता द जीनियस ऑफ दमोह 2024-25 का आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह से संबद्ध संस्था छात्र सर्व कल्याण समिति जिला दमोह द्वारा छात्र क्रांति दल दमोह के सहयोग से आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं जिले के यूथ अचीवर्स कृष्णा पटेल के नेतृत्व में संपूर्ण जिले में किया जा रहा है, जिसके पंपलेट का विमोचन आज मध्य प्रदेश शासन के खेल युवा कल्याण एवं सहकारिता विभाग मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग द्वारा भोपाल स्थित कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया और आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्णा पटेल द्वारा किया गया।



इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं सहकारिता विभाग मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था का अभूतपूर्व प्रयास है, वर्तमान समय में हमारी कला और संस्कृति से युवाओं को जोड़ने की महती आवश्यकता है। इस प्रकार के आयोजन निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं को हमारी संस्कृति से परिचित कराने का काम करेंगे। इस दौरान आयोजन समिति के सहयोगी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर श्री कोचर की पहल पर श्रमिक सकुशल वापिस अपने घरों को पहुंच

## श्रमिकों एवं परिवारजनों ने कलेक्टर का किया आभार व्यक्त

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 27 दिसम्बर। जिले की तहसील पथरिया के ग्राम करैया लखरौनी निवासी आवेदक राजेन्द्र अहिरवाल द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम में आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया है कि 20 श्रमिक जिसमें 04 नाबालिग है कृषि फार्म मालिक कृष्णा बंजारा (आवेदन के अनुसार) के गन्ने के खेत में ग्राम पिराची कुरैली ग्राम पंचायत पंढरपुर तहसील व जिला- सोलापुर (महाराष्ट्र) द्वारा श्रमिकों को गन्ना कटाई की मजदूरी का भुगतान के साथ वापिस घर आने नहीं दिया जा रहा है एवं जबरदस्ती कार्य कराया जा रहा है।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के माध्यम से शिकायत/आवेदन पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु श्रम कार्यालय दमोह द्वारा संबंधित जिले के कलेक्टर सोलापुर (महाराष्ट्र) को श्रमिकों के घर वापिसी हेतु प्रेषित किया गया था। जिला श्रम अधिकारी जी. डी. गुप्ता के निर्देशन में नोडल बंधक श्रम वैभव निखिल मार्टिन द्वारा संबंधित जिले सोलापुर (महाराष्ट्र) के सहायक श्रमायुक्त (कामगार), संबंधित थाना प्रभारी पढरपुर (महाराष्ट्र) से समन्वय किया जाकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाकर श्रमिकों के शीघ्र वापिसी के लगातार प्रयास किये गये। जिले के केवलारी, सुहेला एवं शिकायती पत्र से संबंधित श्रमिक सकुशल 22 दिसम्बर 2024 को 06 दिवस के भीतर वापिस अपने घरों को पहुंच गये। घर पहुंचे श्रमिकों एवं परिवारजनों द्वारा कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं श्रम विभाग दमोह का आभार व्यक्त किया गया।

# जिला पर्यावरण योजना के अपडेशन हेतु संयुक्त कलेक्टर


## श्री रावत नोडल अधिकारी नियुक्त

दमोह 27 दिसम्बर। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (PB) नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में जिला दमोह की जिला पर्यावरण योजना को जनवरी 2025 तक अपडेट कर म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुख्यालय भोपाल में प्रस्तुत किये जाने के उद्देश्य से जिला पर्यावरण योजना के अपडेशन हेतु जिला प्रशासन के सहयोग का दायित्व NICSI के माध्यम से सलाहकारी संस्था E&Y को सौंपा गया है। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने जिला पर्यावरण योजना के अपडेशन हेतु संबंधित विभागों से तथा सलाहकारी संस्था श्व×ङ्घ से समन्वय हेतु संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# राजेश जैन विधायक निर्मला सप्रे के मीडिया प्रभारी नियुक्त

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ शहर के वरिष्ठ पत्रकार राजेश जैन को विधायक निर्मला सप्रे ने अपना मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि विधायक निर्मला सप्रे ने सभी पत्रकार बंधुओ एवं मीडिया कर्मियों के साथ आपसी समन्वय एवं तालमेल के साथ कार्य करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पत्रकार राजेश जैन को अपना मीडिया एवं प्रेस प्रभारी नियुक्त किया है।



राजेश जैन ने प्रेस एवं मीडिया को बताया कि क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में विकास यात्राओं के माध्यम से करोड़ों रुपए के विकास करा रही है इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में भी विकास के लिए सरकार से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत करोड़ों रुपए ला रही है। उन्होंने कहा कि विधायक निर्मला सप्रे प्रेस और मीडिया के प्रति पूरी सम्मान भावना रखती हैं। राजेश की मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर स्थानीय पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# मनुष्य एक पानी के बुलबुले के समान है कब यह है उठकर के फूट जाए पता नहीं स्वामी नवीन बिहारी

परिहार गर्जना न्यूज। बीना (सागर)बीना शहर के सिद्ध पीठ स्थल कटरा हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा बुंदेलखंड के जाने-माने कथा व्यास श्री सांवरे सरकार गो पीठ के संस्थापक स्वामी नवीन बिहारी जी के मुखारविंद से कथा का आज तृतीय दिवस, पूज्य महाराज श्री ने बताया की प्राणी मात्र के लिए कभी घमंड नहीं करना चाहिए और भगवान नाम जाप,भगवान की भक्ति में लगे रहना चाहिए क्योंकि मनुष्य एक पानी के बुलबुले के समान है कब यह है उठकर के फूट जाए पता नहीं और महाराज जी ने बताया कि प्रत्येक घर में एक गौ माता की सेवा होनी चाहिए क्योंकि आज की स्थिति में गौ माता सड़कों , गलियों पर और दर दर भटक रही इसलिए उनकी सेवा प्रतीक प्राणी को करना चाहिए गौ सेवा से ही मानव जाति का कल्याण होगा।



# भक्त श्री हनुमान सद्गुणों के भंडार हैं , जो के संपर्क में आया उन्होंने भगवान से मिला दिया - भक्तमाली कुंज बिहारी दास

परिहार गर्जना न्यूज। बीना (सागर) बिना के प्रजापति गार्डन में चल रही भक्तमाल कथा में आज भक्त हनुमान जी के बारे में बताते हुए भक्त माली कुंज बिहारी जी ने बताया कि हनुमान जी के जीवन में यह विशेषता है कि जो इनके सम्पर्क में आया, उसे इन्होंने किसी न किसी प्रकार भगवान् की सानिध्य में पहुँचा ही दिया।



लंका में विभीषण इनसे मिले, इनके संसर्ग और आलाप से वे इतने प्रभावित हुए कि भरी सभा में उन्होंने हनुमान जी का पक्ष लिया और अन्त में रावण को छोड़कर वे भगवान श्री रामजी की शरण में आ गये। उस समय जब सुग्रीव के विरोध करने पर भी भगवान् ने शरणागत रक्षा के प्रण की घोषणा की, तब इन्हें कितना आनन्द हुआ, यह कहा नहीं जा सकता अंगद को साथ लेकर सबसे पहले हनुमानजी उमंग भरी छलांग मारकर विभीषण जी के पास चले गये और उन्हें भगवान् के पास ले आये।उनका एकमात्र काम है भगवान् की सेवा, भगवान् की शरण में जाने वालों की सहायता करना। समुद्र- बन्धन हुआ, उसमें हनुमानजी कितने पहाड़ ले आये, उसकी गिनती नहीं की जा सकती।सेतु पूरा होते-होते भी ये उत्तर की सीमा से एक पहाड़ लिये आ रहे थे। इन्द्रप्रस्थ से कुछ दूर चलने के बाद उन्हें मालूम हुआ कि सेतु-बन्धन का कार्य तो पूरा हो गया। उन्होंने सोचा कि अब इस पहाड़ को ले चलकर क्या होगा, वहीँ रख दिया, परंतु वह पहाड़ भी साधारण पहाड़ नहीं था, उसकी आत्मा ने प्रकट होकर हनुमान जी से कहा भक्तराज ! मैंने कौन-सा अपराध किया है कि आपके कर कमलों का स्पर्श प्राप्त करके भी मैं भगवान् की सेवा से वंचित हो रहा हूँ।मुझे यहाँ मत छोड़ो, वहां ले चलकर भगवान् के चरणों में रख दो, पृथ्वी पर स्थान न हो तो समुद्र में डुबा दो,भगवान् के काम आऊँ तो जीवित रहना अच्छा, नहीं तो इस जीवन से क्या लाभ,हनुमानजी ने कहा ङ्क‘ गिरिराज ! तुम वास्तव में गिरिराज हो। तुम्हारी यह अचल निष्ठा देखकर मेरे मन में आता है कि मैं तुम्हे ले चलूँ; परंतु भगवान् की ओर से घोषणा की जा चुकी है कि अब कोई पर्वत न लावे। मैं विवश हूँ। परंतु मैं तुम्हारे लिये भगवान् से प्रार्थना करूँगा, जैसा वे आज्ञा देंगे, वैसा मैं तुमसे कह दूँगा।’ हनुमानजी भगवान् के पास गये। उन्होंने उसकी सच्चाई और प्रार्थना भगवान् के सामने निवेदन की। भगवान् ने कहा ङ्क‘वह पर्वत तो मेरा परम प्रेम पात्र है?। उसका तुमने उद्धार किया है। जाकर उससे कह दो कि द्वापर में मै कृष्ण रूप में अवतार लेकर उसे अपने काम में लाऊंगा और सात दिनों तक अपनी ऊँगली पर रखकर व्रजजनों की रक्षा करूँगा। हनुमान ने व्रजभूमि में जाकर गोवर्धन से भगवान् का संदेश कहा। हनुमान की कृपा से गोवर्धनट्ठगिरि भगवान् का परम कृपा पात्र बन गया। भगवान् की नित्य लीला का परिकर हो गया,

# श्रीकृष्ण गुरुकुल शिक्षा यात्रा मथुरा से उज्जैन 2025 का मथुरा में पत्र विमोचन किया

## ब्रजप्रांत उत्तरप्रदेश मालवा प्रांत मध्यप्रदेश राजस्थान से होकर निकलेगी यात्रा



**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासंघ संबंध धर्म यात्रा महासंघ आगामी वर्ष 2025 में श्री कृष्ण की गुरुकुल शिक्षा यात्रा निकलेगा इस पर चर्चा हेतु आज मथुरा में उज्जैन मध्यप्रदेश से आए राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रयागनाथ चतुर्वेदी को साथ मिलकर तीर्थ पुरोहित महासंघ के ब्रजप्रांत पदाधिकारी गणों के साथ विचार विमर्श बैठक कर आगामी होने वाली यात्रा के चित्र का विमोचन किया ब्रजमंडल महामंत्री पंडित यज्ञदत्त शास्त्री ने बताया कि ब्रजप्रांत के पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीयअध्यक्ष महामंत्री का पटका उड़ाकर स्वागत किया गया एक बहुत बृहद बैठक 9 नवम्बर 2024 को होनी थी जो किन्ही कारणों से नहीं हो सकी इसलिए आज यह बैठक सूक्ष्म में की गई जिसमे यह निर्णय हुआ कि आगामी बैठक प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में सभी का आना हे वहीं इस यात्रा को अंतिम रूप दिया जाएगा इस अवसर पर तीर्थपुरोहित महासंघ अध्यक्ष लालजीभाई शास्त्री, महामंत्री पंडित अमित भारद्वाज, कोषाध्यक्ष विनोद चतुर्वेदी बॉबी, ब्रजमंडल अध्यक्ष मुरारी लाल, उपाध्यक्ष महामंत्री अजय चतुर्वेदी, ब्रजमंडल कोषाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी, सहमहामंत्री गोपाल चतुर्वेदी, लोकेश चतुर्वेदी, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के चलते प्रशासन द्वारा रद्द किया गया गढ़कुंडार महोत्सव का आयोजन

## खंगार क्षत्रिय समाज द्वारा सामाजिक स्तर पर गढ़कुंडार महोत्सव मनाने का लिया गया निर्णय

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर संपूर्ण देश में सात दिवसीय राष्ट्रीय शोक घोषित किए जाने पर ग्राम गढ़कुंडार में महाराजा खेत सिंह की जयंती पर आज दिनांक 27 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित हो रहे गढ़कुंडार महोत्सव को प्रशासनिक स्तर पर मनाए जाने की प्रक्रिया पर रोक लगाई गई है जबकि सामाजिक स्तर पर गढ़कुंडार महोत्सव का आयोजन पूर्व की भांति ही किए जाने का निर्णय सामाजिक बंधुओं के द्वारा लिया गया है। गौरतलब है कि महाराजा खेत सिंह की जयंती पर प्रतिवर्ष मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के द्वारा तथा जिला प्रशासन के सहयोग से तीन दिवसीय गढ़कुंडार महोत्सव का आयोजन दिनांक 27 दिसंबर से 29 दिसंबर तक किया जाता है जिसमें तीन दिवस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है तथा संपूर्ण देश से खंगार समाज की उपस्थिति गढ़कुंडार महोत्सव में देखी जाती है लेकिन बीते रोज दिनांक 26 दिसंबर की रात्रि में देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का लगभग 92 वर्ष की आयु में निधन होने पर संपूर्ण देश में सात दिवसीय राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है जिसमें सात दिवस तक होने वाले सभी सांस्कृतिक आयोजनों को रद्द किया गया है और इसी राष्ट्रीय शोक के चलते मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा तथा जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित होने वाले गढ़कुंडार महोत्सव को भी रद्द किया गया है जबकि सामाजिक बंधुओं के द्वारा राष्ट्रीय शोक की गरिमा का पालन करते हुए सामाजिक स्तर पर पूर्व की भांति इस बार भी तीन दिवसीय गढ़कुंडार महोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया है जिसके उपरांत सामाजिक स्तर पर आज दिनांक 27 दिसंबर को गढ़कुंडार महोत्सव का शुभारंभ किया गया तथा तीन दिवसीय गढ़कुंडार महोत्सव में जिला प्रशासन द्वारा शांति एवं सुरक्षा के संपूर्ण इंतजाम किए गए लेकिन तीन दिवसीय आयोजन में जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द किए गए हैं। आपको बता दें कि महाराजा खेत सिंह की जयंती पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय गढ़कुंडार महोत्सव में देश के विभिन्न हिस्सों से खंगार क्षत्रिय समाज के बंधु अपने परिवार के साथ तीन दिन के लिए गढ़कुंडार पहुंचते हैं जहां उनके द्वारा महाराजा खेत सिंह की जयंती पर आयोजित हो रहे महोत्सव में सहभागिता की जाती है। लेकिन इस बार राष्ट्रीय शोक के चलते प्रशासन के सहयोग से आयोजित हो रहे गढ़कुंडार महोत्सव को रद्द किया गया है लेकिन सामाजिक बंधुओं के द्वारा अपील करते हुए कहा गया है कि गढ़कुंडार महोत्सव का आयोजन विगत वर्षों की भांति ही आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रशासनिक सहभागिता ना होते हुए सामाजिक सहभागिता रहेगी तथा सामाजिक स्तर पर ही विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएगी।

# हनुमतलल्ला के साथ भक्त भी करेंगे रामकथा का रसपान



परिहार गर्जना न्यूज। जबलपुर। संस्कारधानी के लघुकाशी के नाम से 2 जनवरी 2025 कथा का महिला मंडल तक भगवान श्री राम की अमृत प्रवाह होगा । श्री भगवान अब विकान व्यारो के पावन आयतों को कथा कार आशीष ग़ार पचमठा के मौकारी (ध्नु) तिवारी आयोजन का विराटका रसपान कराएंगे। इस के लिए जोरदार तैयारियाँ भक्तों की संतों के की जा रहीं हैं। राम आशीर्वाद रामकथा में, का पुण्यलाभ भी मिलव्य दर्शन और दौरान प्रतिदिन महिला मंडल कीर्तनमा। कप्यारा पाठ के मी आयोजन करेगा। रामकथा सत्संग रामायण पासवरी 2025 डोपहर 12 हनुमानबाग मंदिर यह समारम से भव्य कलश शोभायात्रा के साथ होगा। जिसमें महिलाएं - बालिकया कलश के साथ



शामिल होगी। रामकथा के दौरान प्रतिदिन प्रात: इनुमान मंदिर. पचमठा में हवन इस भव्य धर्म आयोजन को सफल बनाने में महिला का आयोजन भी होगा। मंडल और इनुमान मंदिर सेवा समिति के सबक सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# मथुरा में अधिवक्ता ने फांसी लगाकर गंवाई जान

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। कोतवाली सदर क्षेत्र अंतर्गत अशोक विहार कॉलोनी बीती रात में बिजली विभाग के पूर्व एक अधिवक्ता के द्वारा फांसी पर लटक कर आत्महत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आत्महत्या की सूचना पर सदर पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात लगभग 55 वर्षीय बृजेश दीक्षित ने अपने निवास स्थान अशोक विहार में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सदर मौके पर पहुंच गए और घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। बताते हैं कि मृतक की पत्नी व बच्चे जयपुर में रहते थे और वही शिक्षा अर्जित कर रहे थे। किन कारणवश उन्होंने आत्महत्या कर ली इसकी जानकारी पुलिस कर रही है। सूचना मिलते ही मृतक के परिवारजन भी आ गए। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम गृह भेजा है। बताया जाता है कि मृतक बिजली विभाग में अधिवक्ता रहकर कार्य कर चुके है।

# 35 राशन विक्रेता उपभोक्ताओं की केवाईसी कराने में पिछड़े

**-एडीएम की समीक्षा बैठक में हुआ खुलासा**

**-क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षकों से नाराजगी की व्यक्त**

परिहार गर्जना न्यूज मथुरा। जनपद में उचित दर विक्रेताओं द्वारा राशन कार्ड धारकों की ई केवाईसी कराने में लापरवाही बरती जा रही है। जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को जनवरी के राशन वितरण में भुगतना पड़ सकता है। इस खुलासा आज जनपद में शत-प्रतिशत राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराये जाने के लिए अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) राजेश यादव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में हुआ। जिसमें पाया गया कि जनपद की 35 उचित दर विक्रेताओं द्वारा 50 प्रतिशत से कम ई-केवाईसी की गई है।

जिस पर एडीएम ने समस्त क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षकों प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए गये कि वे अपने अपने क्षेत्रों के उचित दर विक्रेताओं से शतप्रतिशत उपभोक्ताओं की केवाईसी अवश्य करालें। एडीएम नमामि गंगे ने जनपद के समस्त राशन कार्डधारकों के सभी सदस्यों एवं मुखिया की ई-केवाईसी शत-प्रतिशत कराये जाने के समस्त जनपद के उचित दर विक्रेताओं को दिये गये। उन्होंने जनपद के समस्त कार्डधारकों से अपेक्षा की कि माह माह जनवर 2025 से वितरण शुरूआत होने से पूर्व शत-प्रतिशत ई-केवाईसी करा लें। समयान्तर्गत ई-केवाईसी ना कराने पर यदि किसी प्रकार राशनकार्ड / यूनिट निरस्त हो जाती है तो यह उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा, सभी क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक उपस्थित थे।

# निवाड़ी जिले को मिले पहले जिला जनसंपर्क अधिकारी

## हर्ष लारिया ने संभाला जिले के प्रथम जनसंपर्क अधिकारी का कार्यभार

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। प्रदेश के 52 में जिले के रूप में निवाड़ी को जिले की सौगात मिलने के बाद लगभग 6 वर्ष का समय बीत जाने पर अब निवाड़ी जिले को हर्ष लारिया के रुप मे पहले जिला जनसंपर्क अधिकारी मिले हैं। बीते रोज हर्ष लारिया के द्वारा जिले के प्रथम जिला जनसंपर्क अधिकारी के रूप में अपना कार्य भारत संभाल गया। गौरतलब है कि दिनांक 1 अक्टूबर 2018 को निवाड़ी को प्रदेश के 52 वे जिले के रूप में मान्यता दी गई थी और तब से लेकर आज तक नवगठित निवाड़ी जिले में जिला संपर्क अधिकारी का कार्यभार टीकमगढ़ जिले से ही संचालित हो रहा था जिसके चलते जिले के मीडिया साथियों को परेशानी हो रही थी तथा मीडिया साथियों के लिए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं सहित विभिन्न क्रियाकलापों का लाभ भी निवाड़ी जिले के मीडिया साथियों को नहीं मिल पा रहा था इसके साथ-साथ जिला प्रशासन के समाचार भी जिले में कार्यरत मीडिया साथियों को टीकमगढ़ से ही प्राप्त हो पा रहे थे जो काफी देरी से प्राप्त होने पर एक दिन बाद प्रशासनिक समाचारों का प्रकाशन हो पा रहा था लेकिन अब निवाड़ी जिले को हर्ष लारिया के रूप में प्रथम जिला जनसंपर्क अधिकारी मिले हैं जिनके द्वारा बीते रोज अपना कार्यभार ग्रहण किया गया। निवाड़ी जिले को जिला संपर्क अधिकारी मिलने पर समस्त मीडिया साथियों के द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए नव आगंतुक जिला संपर्क अधिकारी का स्वागत किया गया।



# बकरिया चराने गये चरवाहे की पेड़ के नीचे मिली लाश से मच गयी अफरा-तफरी

बमीठा। थाना क्षेत्र के ग्राम बमारी में शुक्रवार को एक चरवाहे की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। बताया गया है कि बमारी निवासी नौनेलाल पुत्र फगुवा बुनकर उम्र 40 वर्ष अपनी बकरियों को चराने के लिए जंगल गया था। रात को बकरियां घर पहुंच गई लेकिन नौनेलाल घर नहीं पहुंचा, जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश की। परिजन रात भर जंगल में उसकी तलाश करते रहे, सुबह के वक्त उन्हें नौनेलाल का शव सिंचाई विभाग के सर्किट हाउस के पीछे लगे महूआ के पेड़ के नीचे पड़ा मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए राजनगर भेजकर विवेचना शुरु की। ऐसी आशंका है कि मृतक नौनेलाल बकरियों के लिए पत्ते तोड़ने पेड़ पर चढ़ा होगा जहां उसका संतुलन बिगड़ गया और वह जमीन पर आ गिरा होगा, जिससे उसकी मौत हो गई।




# लवकुशनगर बीएमओ के सनसिटी कालोनी स्थित सूने निवास पर चोरों ने बोला धावा, 1 लाख की चुरा ले गये सम्पत्ति




छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र की सनसिटी कॉलोनी में स्थित एक ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) के सूने घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोर करीब एक लाख की संपत्ति चुरा ले गए हैं। सुबह सूचना मिलने के बाद बीएमओ ने थाना में शिकायत की, जिस पर पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरों की तलाश शुरु कर दी है।

जिले के लवकुशनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ बीएमओ डॉ. एसपी शाक्यवार ने बताया कि वह ड्यूटी पर लवकुशनगर गए हुए थे। उनका सनसिटी कॉलोनी स्थित निवास सूना था, जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोर गेट तोड़कर घर में दाखिल हुए और अंदर रखी चांदी की दो थाली, दो लोटे तथा दो चम्मच सहित करीब 1 लाख की संपत्ति चुरा ले गए। सुबह के वक्त पड़ोसियों के माध्यम से उन्हें गेट खुला होने की सूचना मिली, जिसके बाद वे घर आए और जांच के बाद पुलिस से शिकायत की।

***वन विभाग के अकाउंटेंट के सूने घर पर चोरों का धावा***

बीएमओ के अलावा इसी कॉलोनी में स्थित वन विभाग के अकाउंटेंट के सूने घर पर भी चोरों ने धावा बोला है। यहां से अज्ञात चोर नगदी, सोने-चांदी के आभूषण सहित लाखों की संपत्ति चोरी कर ले गए हैं। सुबह जब परिवार के सदस्य घर पहुंचे तब चोरी की जानकारी सामने आई। पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत की है। सनसिटी कॉलोनी निवासी राहुल पाठक ने बताया कि उसके पिता अशोक कुमार पाठक वन विभाग में अकाउंटेंट के पद पर पदस्थ हैं, जिस कारण से उन्हें शासकीय आवास भी मिला हुआ है। राहुल के मुताबिक इन दिनों माता-पिता चारों धाम की यात्रा पर गए हुए हैं जबकि उसकी भाभी अपने मायके गई हुई हैं, जिस कारण से सनसिटी कॉलोनी वाला घर खाली है। वह रात के समय शासकीय आवास पर रुकता है। राहुल ने बताया कि रोज की तरह गुरूवार की शाम को वह सनसिटी कॉलोनी वाले घर की जांच करने गया था तब तक सब कुछ ठीक था। इसके बाद जब शुक्रवार की सुबह पहुंचा तो अंदर के कमरों के लॉक टूटे हुए मिले। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर घर में घुसकर कमरे में रखे करीब 2 लाख रुपए नगद, सोने की दो चैन, दो अंगूठी और एक दर्जन से अधिक चांदी की पायल-बिछिया से भरा बैग चोरी कर ले गए हैं।




# छतरपुर जिले के नये भाजपा जिलाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू, दावेदारों का पैनल तैयार

छतरपुर। जल्द ही छतरपुर जिले के नए भाजपा जिलाध्यक्ष की घोषणा होने वाली है। नए जिलाध्यक्ष की चुनाव हेतु शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर भाजपा कार्यालय में चुनाव अधिकारी और पर्यवेक्षक ने जिले के तमाम भाजपा नेता, मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं से रायशुमारी कर जिलाध्यक्ष पद के दावेदारों का पैनल तैयार किया है।

भाजपा के जिला कार्यालय मंत्री अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि संगठन के नियमानुसार 31 दिसंबर से पहले नए जिलाध्यक्षों की घोषणा की जानी है, जिसको लेकर आज चुनाव अधिकारी सतना महापौर योगेश ताम्रकार और पर्यवेक्षक सदानंद गोडबोले ने रायशुमारी की है। उन्होंने बताया कि 5 नामों पर रायशुमारी हुई है, जिनमें से दो महिलाएं हैं। रायशुमारी के उपरांत चुनाव अधिकारी नामों का पैनल भोपाल में प्रस्तुत करेंगे। संभवतः एक-दो दिन में प्रदेश कार्यालय से नए जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी के तमाम पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्यों सहित सभी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।




# दालमिल में काम करने वाली महिला की बेल्ट में फंस जाने से मौत

छतरपुर। बिजावर नगर के मोहनगंज मोहल्ले में स्थित दालमिल के भीतर मशीन की चपेट में आने के कारण एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। बताया गया है कि महिला को घायल अवस्था में बिजावर से जिला अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।



बिजावर निवासी दयाराम साहू ने बताया कि उसकी 35 वर्षीय पत्नी भागवती साहू मोहनगंज मोहल्ले में स्थित मोनू सेठ की दाल मिल में काम करती थी। गुरूवार की शाम करीब 4 बजे काम करते वक्त भागवती का हाथ मशीन के बेल्ट में फंस गया और वह बुरी तरह घायल हो गई। हादसे के बाद भागवती को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आ रहे थे तभी मातगुवां के समीप उसने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल में मौत की पुष्टि होने के बाद शुक्रवार की सुबह उसका पोस्टमार्टम किया गया है।

# स्कूटी एवं बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत, दो घायल, ग्वालियर रेफर

छतरपुर। गुरुवार की रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र में शहर के पन्ना रोड पर स्कूटी और बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवकों को गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर किया गया है। बताया गया है कि 21 वर्षीय राहुल पुत्र रामलखन अहिरवार निवासी अनगौर, हाल निवास दुर्गा कॉलोनी मॉडल स्कूल के पास छतरपुर, गुरुवार की रात करीब 8 बजे अपनी स्पलेंडर बाइक से अपने पिता को लेने के लिए छत्रसाल चौक की ओर रहा था, इसी दौरान रास्ते में सामने से आ रही स्कूटी से उसकी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में राहुल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि स्कूटी चालक ध्रुव पांडे पुत्र नवीन पांडे उम्र 24 साल निवासी बजरंग नगर कॉलोनी और उसका साथी शुभ खरे पुत्र संजय खरे उम्र 16 साल निवासी सटई रोड गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद तीनों को जिला अस्साल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। वहीं स्कूटी चालक और उसके साथी को प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत ही ग्वालियर रेफर कर दिया गया।



# जानवर से टकराकर कार पलटी, एक युवक की मौत, तीन घायल

छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में फोरलेन पर महिन्द्रा एजेंसी के पास बीती रात अज्ञात जानवर से टकराकर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हुई है, जबकि उसके 3 साथी घायल हुए हैं। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है, जबकि मृतक का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले के ग्राम बासी का रहने वाला 32 वर्षीय सतेंद्र सिंह पुत्र पहलवान सिंह बुंदेला, अपने 4 अन्य दोस्तों के साथ कार से बीती रात हरपालपुर से पन्ना जा रहा था। इसी दौरान छतरपुर में फोरलेन पर महिन्द्रा एजेंसी के पास रात करीब साढे 11 बजे उसकी कार अज्ञात जानवर से टकरा गई। दुर्घटना में सतेन्द्र सिंह की मौत हुई है, जबकि उसके तीन साथी शिवम पुत्र कंदी यादव उम्र 28 साल, मनीष पुत्र किशन यादव उम्र 22 वर्ष दोनों निवासी जगत चौकी पन्ना और हरिमोहन पुत्र बाबू सिंह पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी किशोरपुरा महोबा घायल हुए हैं। घटना के बाद एंबुलेंस की मदद से घायलों और मृतक को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां घायलों का इलाज जारी है। वहीं शुक्रवार को सतेंद्र सिंह का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**संपादक मंडल**
अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321